# विधानसभा में गूंजेगा मझौली बाइपास का मुद्दा

## धौंहनी विधायक ने मझौली बाइपास के निर्माण में कमियों को लेकर लगाया प्रश्न, नगर पंचायत मझौली के नवनियुक्त अध्यक्ष ने विधायक का कराया ध्यान आकृष्ट




नवभारत न्यूज

**सीधी 10 नवम्बर। नगर परिषद मझौली के बायपास का मुद्दा विधानसभा में गूंजेगा। धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने मझौली बायपास के निर्माण में कमियों को लेकर प्रश्न लगाया है।**

दरअसल नगर परिषद मझौली में वर्ष 2022-23 से बायपास मार्ग का निर्माण शुरू है। संबंधित ठेकेदार द्वारा पूर्व मे निर्मित प्रधानमंत्री सड़क को उखाड़ कर बायपास मार्ग के निर्माण के लिये मिट्टीकरण का काम किया गया। इससे आगे का निर्माण कार्य 3 वर्ष से ऊपर का समय होने के बाद भी प्रारंभ नहीं हो सका। करीब डेढ़ किलोमीटर लम्बाई की बायपास मार्ग का निर्माण कराना चुनौती भरा कार्य हो चुका है। तत्संबंध में स्थानीय जानकारों का कहना है कि ठेकेदार को निर्माण कार्य की जिम्मेदारी मिलने पर महज 2-3 पुल का निर्माण कार्य ही कराया गया। पूर्व की प्रधानमंत्री सड़क के उखाड़ देने से बरसात के दिनों में वाहनों की आवाजाही को लेकर भारी समस्या खड़ी हो जाती है। मझौली बायपास के निर्माण कार्य में तेजी ना आने को लेकर धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम के पास लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं। श्री टेकाम ने इसको गंभीरता से लेते हुये विभागीय स्तर से कार्य में तेजी ना आने के कारण अब विधानसभा में मझौली बायपास के मुद्दे पर प्रश्न लगा दिया है। यह जानकारी सामने आने पर अब पीडब्ल्यूडी के विभागीय अधिकारी भी निर्माण कार्य को लेकर सक्रियता प्रदर्शित करने लगे हैं। वहीं नगर परिषद मझौली के नवनियुक्त अध्यक्ष लवकेश सिंह भी बायपास के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने को लेकर विधायक से बात की है। बताया गया है कि नगर परिषद मझौली अंतर्गत बायपास मार्ग के निर्माण कार्य के लिये 200 मीटर क्षेत्रफल के कार्य के लिये भूमि का अधिग्रहण भी होना है। इसके लिये धारा 11 का प्रकाशन हो चुका है। पीडब्ल्यूडी द्वारा भूमि अधिग्रहण के लिये आवश्यक मुआवजा राशि भी कलेक्टर के यहां जमा करा दी गई। धारा 19 के प्रकाशन के साथ ही मुआवजा भी वितरित होने लगेगा।

### नवभारत ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा

नगर परिषद मझौली के बायपास मार्ग के निर्माण में बनी शिथिलता को लेकर नवभारत द्वारा प्रमुखता से खबर का प्रकाशन कर इस मुद्दे को उठाया गया था। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों का ध्यानाकृष्ट कराते हुये बायपास मार्ग के निर्माण में जो कमियां हैं उसको दूर करने पर जोर दिया था।

### इनका कहना है

मझौली बाजार की जो सड़क है उसमें वाहनों की भारी भीड़ के चलते नो इंट्री हो जाती है इस वजह से आवागमन काफी प्रभावित होता है। उनके द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि यदि पीडब्ल्यूडी मझौली बायपास को नहीं बनाता है तो नगर परिषद मझौली निर्माण कार्य करेगा।

**लवकेश सिंह, अध्यक्ष नगर परिषद मझौली**

मझौली बायपास के निर्माण कार्य को गंभीरता से लेते हुये संबंधित अधिकारियों को कल से शुरू करने के लिये कड़ाई से निर्देशित किया गया है।

**एम .के .परते, कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी, सीधी**



# संजय टाइगर रिजर्व में बाघ अवशेष बरामद, वन विभाग की त्वरित कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 नवम्बर। क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व ने जानकारी देकर बताया कि 8 नवम्बर को दोपहर में ब्यौहारी परिक्षेत्र के बोचरो गांव में पुष्पेन्द्र पटेल के खेत से दुर्गंध आने की सूचना प्राप्त होने पर सहायक परिक्षेत्राधिकारी ब्यौहारी द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई।**

सूचना के आधार पर परिक्षेत्राधिकारी ब्यौहारी, वनकर्मी दल एवं डॉग स्क्वाड के साथ स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खेत में दो गड्ढों से एक बोरी, बालों के गुच्छे तथा अन्य स्थानों से वन्यप्राणी के अंग बरामद किए गए। घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार क्षेत्र संचालक अमित कुमार दुबे, एनटीसीए प्रतिनिधि कैलाश तिवारी एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में बाघ के अवशेषों को नियमानुसार जलाकर नष्ट किया गया।

# रोली मेमोरियल में रामकथा ज्ञान यज्ञ का पंचम दिवस




नवभारत न्यूज

**सीधी 10 नवम्बर। रोली मेमोरियल सीधी में आयोजित श्रीरामकथा की पंचम संध्या में कथा का विस्तार करते हुए संत मैथिलीशरण जी ने कहा कि भगवान श्रीराम अनंत हैं और उनके गुण, जन्म, कर्म और नाम भी अनंत हैं।**

जल की बूंदें और रजकण परिश्रम कर गिने जा सकते हैं पर श्री रघुनाथ जी का चरित्र अवर्णनीय है। शिव जी ने श्रीराम के कुछेक गुणों का ही पार्वती जी के समक्ष वर्णन किया जिसे सुनकर वे धन्य और कृतकृत्य हो गयीं। उनका मोह दूर हो गया और वे सच्चिदानंद प्रभु श्रीराम के प्रताप को जान गयीं। श्रीराम जी के चरित्र सुनते-सुनते जो तृप्त हो जाते हैं उन्होंने तो श्रीराम कथा का विशेष रस जाना ही नहीं। जो जीवन-मुक्त महामुनि हैं वे तो निरन्तर भगवान के गुण सुनते रहते हैं। जो संसार रूपी सागर को पार करना चाहते हैं उनके लिए श्रीराम जी की कथा दृढ़ नौका के समान है। श्री हरि के गुण समूह तो विषयी लोगों के लिए भी कर्णसुख देने वाले और मन को आनंदित करने वाले हैं। आज की कथा में प्रमुख श्रोताओं के रूप में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, प्रोफेसर रुद्र प्रताप सिंह, रुद्र प्रताप सिंह बाबा, ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, रामभुवन शुक्ला, विष्णु बहादुर सिंह ठाकुर दादू, डॉ.लहरी सिंह, जवाहर लाल पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। मंच का बोधगम्य संचालन डॉ.रामलला शर्मा द्वारा किया गया।

# बीएलओ कर रहे घर-घर संपर्क ईएफ फार्म का वितरण प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 नवम्बर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत जिले में घर-घर मतदाता सत्यापन अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। यह अभियान 4 दिसम्बर 2025 तक लगातार संचालित होगा।**

इस दौरान सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केन्द्र क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कर रहे हैं। बीएलओ के पास मतदाता सूची 2025 के अनुसार प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध हैं, जिनमें मतदाताओं का नाम, पता एवं ईपिक नंबर दर्ज है। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे इन विवरणों की जांच करें, आवश्यक संशोधन सुझाएं और नए मतदाताओं की जानकारी प्रदान करें। कलेक्टर एवं स्वरोचिष सोमवंशी ने नागरिकों से अपील की है कि जब बीएलओ उनके घर आएं, तो उन्हें पूरा सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भी स्पष्ट किया कि अभियान के प्रथम चरण में किसी भी प्रकार के दस्तावेज बीएलओ द्वारा एकत्र नहीं किए जा रहे हैं।

# राहुल गांधी की सहजता और संवेदनशीलता ने किया मन को स्पर्श : ज्ञान

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने सपरिवार राहुल गांधी से की मुलाकात



नवभारत न्यूज

**सीधी 10 नवम्बर। संगठन सृजन के तहत पचमढ़ी में आयोजित कांग्रेस जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर के अवसर पर पधारे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह को पत्नी नीलम सिंह और भतीजे राजवीर सिंह के साथ उनसे मुलाकात करने का अवसर प्राप्त हुआ।**

मुलाकात के बाद विचार साझा करते हुए ज्ञान सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की सहजता, सरलता और संवेदनशीलता ने मन को गहराई तक स्पर्श किया। जनसंपर्क में रहते हुए भी वे जिस आत्मीयता और अपनापन से सभी से मिलते हैं वही उन्हें सच्चा जननायक बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी की दृष्टि, समर्पण और देश के प्रति उनका प्रेम हम सभी कांग्रेस जनों के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा का स्त्रोत है। यह मुलाकात जीवन भर यादगार रहेगी। ज्ञान सिंह ने बताया कि संगठन सृजन के इस अभियान के माध्यम से पार्टी में नए उत्साह और नये नेतृत्व के निर्माण की दिशा में सार्थक पहल हो रही है।

# भाजपा सरकार में अनुसूचित जाति वर्ग का हुआ उत्थान, बढ़ा सम्मान : परमार




नवभारत न्यूज

**सीधी 10 नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार के सीधी आगमन पर स्थानीय उच्च विश्राम गृह सीधी में भव्य स्वागत किया गया है।**

स्वागत के पश्चात स्थानीय भाजपा कार्यालय सीधी में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सीधी की जिला कार्यसमिति की परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्थानीय सीधी विधायक रीती पाठक, भाजपा सीधी जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार द्वारा कहा गया कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से अनुसूचित जाति वर्ग का उत्थान हुआ है और अनुसूचित जाति वर्ग के महापुरुषों सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस की सरकार में भारत डॉ.भीमराव अम्बेडकर को कई बार चुनाव में साजिश करके हराया गया। अम्बेडकर जी को जीते जी भारत रत्न मिलना चाहिए पर कांग्रेस की सरकार ने नही दिया। जबकि भाजपा की सरकार में डॉ.भीमराव अम्बेडकर के जन्मस्थली महू में विशाल प्रतिमा और अम्बेडकर के पंच तीर्थ का विकास हुआ। बैठक का संचालन जिला महामंत्री भाजपा अजा मोर्चा महेश प्रजापति और आभार महामंत्री श्याम सुंदर दास द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश गिरजा, पूर्व विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा, प्रदेश कार्यालय मंत्री गोकुल खंडाल, जिला उपाध्यक्ष शिवदान साकेत, जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, नगर मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष त्रय जितेन्द्र बंसल, सुमन साकेत, शिवलाल साकेत, मुनिराज विश्वकर्मा, कमलेश कोरी, छोटे लाल कोरी, हरिकेश साकेत, सरोज साकेत, गुरु प्रसाद मौर्य, मन्नालाल चौधरी, पानकली कोरी, लालमणि कोरी, रामनाथ कोरी, गंगा साकेत, राजकुमार साकेत सहित अन्य भाजपा अजा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रामपुर नैकिन में मेडिकल बोर्ड शिविर आयोजित

**सीधी 10 नवम्बर।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के दिव्यांगजनों की पहचान एवं प्रमाणपत्र जारी करने हेतु चल रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन में मेडिकल बोर्ड शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 22 दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया तथा चिकित्सीय परीक्षण उपरांत 8 लाभार्थियों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किए गए।



# शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही : सोमवंशी

## कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 नवम्बर। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को नवम्बर माह में ए-ग्रेड प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई प्रभावी माध्यम हैं, अतः शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए।**

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शिकायत निवारण में उदासीनता या लापरवाही पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने 15 नवम्बर को होने वाले गौरव दिवस आयोजन की तैयारियां पूर्ण करने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में जनजातीय परिवारों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों से कहा कि स्वरोजगार योजनाओं में बैंक के साथ समन्वय कर लक्ष्यों की पूर्ति करें और सूचना के अधिकार अंतर्गत मांगी गई जानकारियां समय पर उपलब्ध कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर श्री बी.पी.पाण्डेय सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### एक नजर में

# धूमधाम से मनाई गई सरदार पटेल की जयंती




**चुरहट।** अखंड भारत के निर्माता भारत रत्न से सम्मानित भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 9 नवम्बर को चुरहट टकटैया के मैदान में भी पटेल जयंती एवं विशाल सामाजिक चिंतन सम्मेलन के मुख्य अतिथि मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भोपाल के चांसलर श्रीमती प्रीति पटेल ने कहा कि सभी लोग शिक्षा से जुड़े नशा से दूर रहने और एकता में रहने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद बुद्धसेन पटेल ने कहा कि बिना एकता के समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। पूर्व विधायक श्रीमती विद्यावती पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रीवा बबीता साकेत, बृजेन्द्र पटेल, रामविलास पटेल, श्रीमती पूनम सोनी, एडवोकेट विनोद वर्मा, राकेश जायसवाल, श्रीराम सोनी, दिनेश डायमंड, ओबीसी दिनेश सिंह, राम प्रताप यादव, विनायक पटेल, हनुमान साहू, राजेन्द्र जायसवाल, सीएल यादव, विश्वनाथ पटेल, कुंवर सिंह, विश्वनाथ पटेल, ईशा पटेल, एड .किरण पटेल, अशोक पटेल, शिवमंगल सिंह पटेल एवं अन्य ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कोल ने की और धन्यवाद ज्ञापन भी किया। बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर कार्यक्रम को हर्ष उल्लास के साथ उत्सव मनाया। इन सभी के गरिमामई उपस्थिति स्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ है। कार्यक्रम में आए हुए सभी ने सरदार पटेल के विचारधारा को अपने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के आयोजक अभा ओबीसी महासभा एससी/एसटी संयुक्त मोर्चा, ओबीसी महासभा, सरदार सेना रहे। मंच का संचालन नवाब सिंह एवं शुभकरण पटेल ने किया।

## स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 18 को

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को एक ही छत के नीचे रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय सीधी, आईटीआई सीधी एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम-रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 18 नवम्बर 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, संजय गांधी शासकीय स्वायत्त स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीधी (म.प्र.) के परिसर में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगा। इस अवसर पर देश, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर की विभिन्न निजी कम्पनियां भाग लेंगी और युवाओं को रोजगार एवं प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करेंगी।

# न्यायाधीश ऋषि तिवारी की स्मृति में नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर




नवभारत न्यूज

**सीधी 10 नवम्बर। न्यायाधीश ऋषि तिवारी की स्मृति में आज 10 नवम्बर को ऋषिकेश फाउंडेशन द्वारा ऋषिकेश आश्रम बड़ा बांध हनुमानगढ़ में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर आयोजन की श्रृंखला में यह 38वां नेत्र परीक्षण शिविर था। नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर प्रत्येक माह की 10 तारीख को आयोजित किया जाता है। शिविर में हनुमानगढ़ सहित आसपास के लगभग 20 गांवों से 90 मरीज नेत्र जांच करवाने पहुंचे। पिछले माह जिन मरीज़ों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया था उनका फालोअप चेकप करने के उपरांत नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए। आज के शिविर में सभी आगंतुकों को ऋषिकेश फाउंडेशन के सेवादारों द्वारा जलपान करवाया गया।

फिर चिकित्सकों द्वारा मरीज़ों नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत आवश्यकतानुसार नि:शुल्क आई ड्राप वितरित किए गए।

जांच के बाद 20 मोतियाबिंद के निशुल्क आपरेशन हेतु चित्रकूट रवाना किया गया। शिविर में पहुंचे सभी आगंतुकों को फल और बिस्किट भेंट किए गए। चित्रकूट जाने वाले सभी मरीजों को फल और बिस्किट के साथ भोजन के पैकेट भी भेंट किए गए।

# कानून और स्वास्थ्य दोनों व्यक्ति के सशक्तिकरण के हैं आधार : मुकेश

## न्यायोत्सव : विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिला जेल सीधी में विधिक जागरुकता एवं योग शिविर का आयोजन



नवभारत न्यूज

**सीधी 10 नवम्बर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में न्याय एवं विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 9 से 14 नवम्बर तक न्यायोत्सव रू विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।**

इसी क्रम में आज 10 नवम्बर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के तत्वाधान में जिला जेल सीधी में विधिक जागरूकता शिविर एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों, विधिक सहायता योजनाओं तथा नि:शुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी प्रदान करना था। शिविर में उपस्थित बंदियों और अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक ने मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता और अनुशासन बनाए रखने में योग की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात कानूनी सत्र में बंदियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार शिवहरे और जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने का समान अधिकार है। कोई भी व्यक्ति आर्थिक या सामाजिक कारणों से न्याय से वंचित नहीं रहेगा। प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क अधिवक्ता, परामर्श, आवेदन लेखन और अपील संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। सचिव मुकेश कुमार शिवहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि जेल की चारदीवारी के बाहर आपका कोई अपना इंतजार कर रहा है, इसलिए स्वस्थ मन उनके लिए तैयार करें। कानून और स्वास्थ्य दोनों व्यक्ति के सशक्तिकरण के आधार हैं। योग से मानसिक संतुलन प्राप्त होता है और विधिक जागरूकता से जीवन में न्याय की भावना स्थापित होती है। जिला शिक्षा अधिकारी पवन सिंह ने कहा कि आप सबका जीवन सुधार की दिशा में अग्रसर है। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाइए, क्योंकि योग शरीर, मन और आत्मा तीनों का संतुलन स्थापित करता है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और मानसिक शांति का माध्यम है। कार्यक्रम का संचालन मनीष कौशिक द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन जेल प्रशासन की ओर से किया गया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुकेश कुमार शिवहरे, कृष्ण कुमार तिवारी उप अधीक्षक जिला जेल, पवन सिंह जिला शिक्षा अधिकारी, योग प्रशिक्षक मनीष कौशिक, देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, बाबूलाल सिंह, सत्यप्रकाश पांडेय, ऋषभ सिंह, विजयचंद्र गौतम, विनय तिवारी, अजीत वर्मा, संजीव सिंह, आशा शुक्ला, पूजा द्विवेदी, पैरालीगल वालंटियर्स तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी राजेश सिंह बघेल, उमाकांत शुक्ला, कुमोध यादव एवं जिला जेल का स्टाफ उपस्थित रहा।